तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024



10 बुजुर्गों और मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित ...



11 भाजपा का संकल्प पत्र सबका साथ सबका ....






# 4 साल से अब तक बंद नहीं हुआ फ्यूज कॉल सेंटर का शटर

## सेंटर में विद्युत कर्मियों की टीम 24 घंटे तैनात, शिकायत पर पहुंच रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बिजली विभाग द्वारा बिजली बंद संबंधित शिकायत आसानी से दर्ज कराने की विशेष सुविधा दी है, जिसके लिए नम्बर 1912 पर कॉल लगा रहे हैं, इससे उपभोक्ताओं की शिकायत पूरी हो रहीं है। इसके साथ ही बस्तर संभागीय मुख्यालय में 4 साल पूर्व जिला पंचायत कार्यालय के सामने फ्यूज कॉल सेंटर का क्रियान्वयन किया गया। इसमें सामान्य दिनों में एक दिन लगभग 20 और बारिश, आंधी, हवाओं से 200 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें से शिकायतों का निराकरण भी किया गया है। इस फ्यूज कॉल सेंटर का शटर 4 साल से बंद नहीं हुआ। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस तरह अब जगदलपुर में पूर्व संचालित पॉवर हाऊस तथा धरमपुरा फ्यूज कॉल सेन्टर के अतिरिक्त यह नया फ्यूज कॉल सेन्टर आरम्भ हो गया है। इस नए फ्यूज कॉल सेंटर के चालू होने से नया बस स्टैण्ड, हाउसिंग बोर्ड बोधघाट कॉलोनी, साकेत कॉलोनी, शांतिनगर, अवंतिका कॉलोनी, नयामुण्डा, इंडस्ट्रीयल एरिया, संजय बाजार, मोतीतालाबपारा, दन्तेश्वरी वार्ड, फ्रेजरपुर, मेटगुड़ा, गंगामुण्डा, बहादुरगुड़ा, नयापारा, राउतपारा, गीदम रोड, ईतवारी बाजार, राजेन्द्र नगर वार्ड, माड़ियापारा, महाराणाप्रताप वार्ड, परपा नाका, सीएसईबी कॉलोनी, वन विद्यालय तथा रमैया वार्ड के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है। बताया जा रहा है कि इस फ्यूज कॉल सेंटर में 24 घंटे विद्युत कर्मचारियों की टीम तैनात रहती हैं।

बारिश आंधी के दौरान आती हैं 200 से अधिक शिकायत



### उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

*विद्युत वितरण कंपनी जगदलपुर शहरीय संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने बताया कि इस व्यवस्था से एक विश्वसनीय एवं कम समय में शिकायत निराकरण की एक प्रभावी व्यवस्था है, जिसका लाभ सभी उपभोक्ताओं को मिल रहा है।*

## लोकसभा चुनाव - 2024 : प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा

# 76 अति संवेदनशील क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर से मतदान दल के सदस्यों को किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

लोकसभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर का मतदान 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 3 बजे तक मतदान होना है। जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। जिले में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। संसदीय क्षेत्र बस्तर अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में मतदान की पूरी तैयारियां की गई है। बीजापुर जिले के अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील चिन्हांकित 76 मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर से मतदान दलों की रवानगी मंगलवार सुबह से शुरू हो गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने मतदान ▶▶| शेष पेज 10 पर

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूजा अर्चना करके मतदान कर्मियों की बस को हेलीपेड के लिए किया रवाना



### कोंटा के 26 और नारायणपुर के 33 दल रवाना

मंगलवार की सुबह कोंटा विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए 26 और नारायणपुर विधानसभा के 33 मतदान दलों को हेलीकाप्टर से रवाना किया गया।



### अतिसंवेदनशील कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर के 135 दल को भेजा गया



जगदलपुर/कोंटा। छत्तीसगढ़ के 11 में से एकमात्र बस्तर संसदीय सीट में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। इस सीट के 135 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील हैं इनमें बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में 76, कोंटा में 26 और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में 33 मतदान केंद्र हैं। मंगलवार को हेलीकाप्टर से मतदान दलों को रवाना किया गया। सुकमा कलेक्टर हरिस.एस और एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने मतदान दलों के अधिकारी व कर्मचारियों का हौसला अफजाई करते शुभकामनाएं दी। वहीं बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडे ने मतदान कर्मियों के बस का विधिवत पूजा अर्चना कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए ईश्वर से कामना करते हुए मतदान दलों को हेलीपेड के लिए रवाना किया। बताया गया कि ▶▶| शेष पेज 10 पर

## एक लाख के इनामी हार्डकोर समेत तीन नक्सलियों ने किया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में चलाए जा रहे शासन की नक्सल उन्मूलन नीति व सुकमा पुलिस की पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर एक हार्डकोर ईनामी नक्सली समेत तीन ने समर्पण कर दिया। नक्सलियों को समर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में डीआरजी, कोबरा व सीआरपीएफ की अहम भूमिका रही।

एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार पुलिस ने बताया कि शासन की छग नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह-नई शुरूआत से प्रभावित होकर एवं अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापित होते देख तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया इनमें दो थाना चिंतागुफा व एक थाना पोलमपल्ली क्षेत्र का निवासी है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में 131, 212 वाहिनी सीआरपीएफ, डीआरजी व 208 वाहिनी कोबरा की अहम भूमिका रही। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ सुनीत कुमार राय, व अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय हार्डकोर नक्सली एक लाख के ▶▶| शेष पेज 10 पर

- सुकमा जिले के चिंतागुफा व पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के निवासी

## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं की रैली में शामिल होकर जिलाध्यक्ष ने मांगा समर्थन

**जगदलपुर।** प्रवीरचन्द्र शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत शिव मंदिर और भैरमदेव वार्ड के भाजपा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी के नेतृत्व में घर-घर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। दोनों वार्ड के लाभार्थी को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। राहगीरों को रोककर प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में मतदान करने की अपील करते फिर एक बार मोदी सरकार बनाना है, अबकी बार 400 पार के नारों के साथ रैली निकाली गई। इस दौरान जिला महामंत्री वेदप्रकाश पांडे, विधानसभा मिडिया प्रभारी प्रकाश रावल, पार्षद निर्मल प्रसाद पाणिग्राही तथा त्रिवेणी रनधारी, राजेश चन्द्र दास, आशा महापात्र, कमला जंगम, चमेली यादव सहित दोनों वार्डों के बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर के नीचे पैरा और पॉलीथिन से खतरा

**जगदलपुर।** शहर के महावीर चौक जवाहर सायकल के सामने ट्रांसफार्मर डिस्ट्रीब्यूशन बक्शा के नीचे पैरा से भरी बोरी और दुकानों से निकला कचरा पॉलीथिन कागज डाल दिया जा रहा है। इससे हमेशा बड़ी विद्युत दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, आसपास प्रतिष्ठानों एवं रहवासियों का ध्यान नहीं है।



## विकसित भारत का सपना साकार करने केंद्र में तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने मंगलवार की शाम शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचे। कार्यकर्ताओं की रैलियों में शामिल हुए और बस्तर लो क स भा चुनाव में भाजपा को वि ज यी बनाने व केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने जनता से आग्रह किया। उन्होंने गांधीनगर, वल्लभ भाई पटेल और जवाहर नगर वार्ड में लोगों से सीधा संपर्क किया और जीवंत संवाद स्थापित कर प्रत्याशी महेश कश्यप को सांसद बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन को मिला है। प्रधानमंत्री विकसित भारत का सपना साकार कर रहे हैं। मौजूदा लोकसभा चुनाव में आमजन का एक-एक मत महत्वपूर्ण है। इस दौरान विद्याशरण तिवारी, संजय पाण्डेय, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक, रौशन झा, अभिषेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और वार्डवासी मौजूद थे।

- गांधीनगर, जवाहर नगर, वल्लभ भाई पटेल वार्ड में प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे घर-घर



## पूवर्ती कैम्प से फिर बमबारी करने का नक्सलियों ने लगाया आरोप

**जगदलपुर।** नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर एक बार फिर बमबारी का आरोप लगाया है। दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी सचिव गंगा ने प्रेसनोट जारी कर बताया कि पूवर्ती स्थित कैम्प से एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी बार हवाई हमला रॉकेट लॉन्चरों से 25 से अधिक बम दागे गए है। दागे गए बम की तस्वीर भी जारी की गई है। गंगा ने बताया कि सुकमा जिले के गांव पूवर्ति में स्थित कैम्प से 12 अप्रैल की सुबह 11:30 बजे से रुक-रुक कर दिनभर रॉकेट लांचरों से 25 से अधिक बम दागे गये हैं। जारी प्रेसनोट में बताया कि पूवर्ति और आस-पड़ोस के गांव वालों के अनुसार जब पूवर्ति गांव में पुलिस कैम्प की स्थापना की, तभी से इस तरह लगातार दर्जनों बार रॉकेट लांचरों एवं ड्रोन द्वारा भीषण बमबारी की जा रही है। इस बार भी पूवर्ति गांव के चारों तरफ और बटुम, काउरगट्टा, जब्बागट्टा गांवों, खेतों, जंगलों एवं पहाड़ों को निशाना बनाकर बमबारी किया गया है। बमबारी से अब तक पूवर्ति तथा आस-पास के गांवों के कई लोग घायल हो चुके हैं और कई जानवर भी घायल होकर मर रहे हैं। बमों का विस्फोट इतना भयंकर है कि इसकी गूंज 70-80 किलो मीटर से अधिक दूर-दूर तक सुनाई देता है जिससे इलाके में ▶▶| शेष पेज 10 पर



## महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने वार्डवासियों से मांगा समर्थन



**जगदलपुर।** महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी एवं गुरु गोविंद सिंह वार्ड में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा शालिनी राजपूत ने भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए प्रचार करते हुए लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान दीप्ती पांडेय, आयुषी पांडेय, मिनी पांडेय, ममता सिंह राणा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, दयामणि बघेल, गायत्री कश्यप, निलेश्वरी भागवतकर, कोशल्या साहू, गायत्री कश्यप, अनीता झा, दयामनी बघेल, मायरानी बढ़ाई, संग्राम सिंह राणा, बंटू पांडेय, सुरेश कश्यप, मंजीत समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार आदिवासियों को नक्सली बताकर बना रही बंदी

# अंबेडकर जयंती पर संकल्प पत्र, भाजपा का नाटक : खेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी अंबेडकर जयंती के अवसर पर अपना संकल्प पत्र प्रस्तुत कर दलित वर्ग को प्रभावित करने का नाटक किया है। हमारा संविधान खतरे में है यह बात भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा कही गई बातों से स्पष्ट हो रहा है। अनंत कुमार हेगडे, अरुण गोविल सभी नेता जनता से यह कह रहे हैं कि भाजपा को 400 सीट से अधिक जिताना है, क्योंकि संविधान बदलना है, क्योंकि आरक्षण, सवाल करने की स्वतंत्रता, विरोध करने का अधिकार जनता से छीनना चाहते हैं। यह बातें कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री राधिका खेड़ा ने राजीव भवन में मंगलवार को पत्रवार्ता में कही। सुश्री राधिका खेड़ा ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे देश की सारी संपत्ति कुछ औद्योगिक घरानों को बेच देना चाहते हैं। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में 32 फीसदी आदिवासियों को आरक्षण देने का अधिनियम पास किया था जो अब भी राज्यपाल के पास धूल खा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी आदिवासियों के साथ रहना चाहते हैं लेकिन उन्हें वनवासी कह दिया है। उनका मानना है कि आदिवासी केवल वनों में ही रहते हैं। आदिवासी महिला को राष्ट्रपति तो बना दिया, लेकिन उन्हें सम्मान नहीं दिया। संसद भवन उद्घाटन और राम मंदिर पूजन में भी राष्ट्रपति को अवसर नहीं दिया गया। लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करने के दौरान राष्ट्रपति खड़ी थीं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुर्सी पर बैठे ताली बजा रहे थे। सुश्री खेड़ा में भाजपा सरकार पर यह भी आरोप लगाया ▶▶| शेष पेज 10 पर

- भाजपा के 400 सीट के नारा से संविधान को खतरा




### 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की बात पूरी नहीं

सुश्री खेड़ा ने कहा कि सन 2015 में प्रधानमंत्री द्वारा वादा किया गया था कि दल्ली राजहरा रेल लाइन 2022 तक चालू हो जाएगी जो अब तक नहीं हुई। उन्होंने 2000 में मेगा स्टील प्लांट स्थापित करने की बात कही थी वह भी नहीं हुआ, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की बात विधानसभा चुनाव से पहले कहा था वह भी पूरा नहीं हुआ। महतारी वंदन योजना के तहत केवल 30 फीसदी महिलाओं को ही पहली किस्त मिली है 70 फीसदी महिलाओं कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने मोदी की गारंटी को चाइनीज वारंटी कहा।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### पंजाबी सनातन समाज द्वारा अष्टमी पर भजन

कोण्डागांव। पंजाबी सनातन समाज धर्म सभा द्वारा नवदुर्गा अष्टमी के अवसर पर समाज के निर्माणाधीन भवन में माता रानी के भजन कीर्तन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर माता रानी के भक्ति गीत गाए। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। पंजाबी सनातन समाज धर्म सभा के अलावा भी अन्य समाज द्वारा भी भजन कीर्तन के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। पंजाबी सनातन धर्म सभा समाज के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया मां दुर्गा के अष्टमी के अवसर पर पंजाबी सनातन समाज धर्म सभा ने पूर्व से ही इस आयोजन की तैयारी की थी। नए भवन का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। इस अवसर पर दुर्गा अष्टमी का समय चयनित किया गया। आज समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर पंजाबी सनातन समाज के भवन पर उपस्थित होकर माता रानी की भजन कीर्तन में अपना समय बिताया। समाज के अलावा भी अन्य समाज के लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। माता के भजन कीर्तन बाद भव्य भंडारा का अयोजन किया गया।

### मडानार प्राथमिक शाला में शुरू हुई मस्ती की पाठशाला



कोण्डागांव। जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में मुख्य आंकलन पश्चात ग्रामीण प्रतिभा को निखारने बच्चों को सीखने के वातावरण प्रदान करते हुए मस्ती की पाठशाला समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों को सिक्ख मार्शल आर्ट गतका सिलंबम खेल और अन्य पाठ्येतर गतिविधियां काष्ठकला, मिट्टीकला, चित्रकारी, मेंहदी, रंगोली का प्रशिक्षण दिया गया। शिवचरण साहू और उनके द्वारा प्रशिक्षित छात्रों खिलेन्द्र बघेल द्वारा काष्ठ कला विष्णु द्वारा मंजनु द्वारा सिलम्बम सागर रियाश कुमार द्वारा गतका शिक्षिका आरती बेर रंजीता तिग्गा ललिता समरथ द्वारा रंगोली मेंहदी मीना देवांगन द्वारा मिट्टी कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज प्रथम दिवस 75 बच्चे शामिल हुए जिन्हें काष्ठ कला में बच्चों को नेम प्लेट किरिंग लेटरकटिंग मेमोंटोस बनाना सिखाया गया।

### रामनवमी के अवसर पर 17 को शुष्क दिवस घोषित

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा 17 अप्रैल बुधवार को राम नवमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान तथा सैनिक कैंटीन फुटकर को पूर्णतः बंद रखा जाएगा तथा अवैध शराब विक्री, धारण, परिवहन आदि पर समुचित नियंत्रण रखा जाएगा।

### सामान्य प्रेक्षक ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कोण्डागांव। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन ने सोमवार को स्थानीय शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम तथा मतदान समाग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम मतदान के लिए मतदान दलों को मतदान समाग्री वितरण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मतदान दलों के लिए आधारभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए ईव्हीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए मतदान समाग्री वितरण के लिए की गई सभी तैयारियों की जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने उन्हें जिला प्रशासन की तैयारियों से अवगत कराया वहीं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान दलों की सुरक्षा तथा दलों के सुरक्षित आवागमन के लिए व्यवस्थाओं की उन्हें जानकारी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, एसडीएम कोण्डगांव निकिता मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने मतदान दलों के अधिकारियों को बताई मतदान की बारीकियां

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दलों के अन्तिम चरण के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में बस्तर संसदीय क्षेत्र के कोण्डागांव विधानसभा एवं नारायणपुर विधानसभा आंशिक के लिए निर्वाचन में मतदान के लिए बनाये गए मतदान दलों के अंतिम दौर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोमवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत शामिल हुए। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पहुंच मतदान दलों से चर्चा करते हुए मतदान दिवस पर ध्यान में रखी जाने वाली छोटी छोटी बारीकियों पर उनका ध्यान केंद्रित करते हुए तथा पहले मतदान प्रारंभ होने से लेकर मतदान समाप्त होने तक सतर्कता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।



### कर्मचारियों का किया उत्साहवर्धन

कलेक्टर द्वारा मतदान दलों के अधिकारियों से विभिन्न मतदान से संबंधित सवालों के द्वारा उनकी तैयारियों का जायजा लेते हुए अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई और सभी को इस लोकतंत्र के उत्सव की जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। उन्होंने पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान करने वाले अधिकारियों को समय पर मतदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मतदान दलों को मतदान सामग्री को प्राप्त करने पश्चात सभी सामग्री की जांच करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या पाये जाने पर सेक्टर अधिकारी को सूचित कर तुरन्त समाधान प्राप्त करने को कहा। उन्होंने मतदान के दिन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अपनायी जाने वाले मानक कार्यविधि के बारे में जानकारी दी। मतदान के पूर्व मशीनों को आरम्भिक अवस्था में होना सुनिश्चित करने को कहा।

## जिले के कांकेर लोकसभा क्षेत्र के 56 मतदाताओं ने रविवार को किया मतदान

# बुजुर्गों और मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने घर-घर पहुंचा मतदान दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए दी गई होम वोटिंग की सुविधा के तहत जिले में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत केशकाल विधानसभा के कुल 56 मतदाताओं ने रविवार को मतदान किया। इनमें 15 दिव्यांग मतदाता और 41 बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। शारीरिक रुप से अशक्त मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की इस सुविधा से मतदाताओं के साथ ही उनके परिजनों में भी उत्साह देखने को मिला। केशकाल लोकसभा क्षेत्र के कुल 116 मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था, जिनमें 56 मतदाताओं ने रविवार को मतदान किया। वहीं शेष






मतदाताओं के मतदान के लिए मतदान दल सोमवार और मंगलवार को मतदाताओं से मतदान कराया।

### दिव्यांग सतमी और बुजुर्ग सुखियारिन ने जताई खुशी

घर में ही मतदान कराने की खुशी मतदाता के साथ ही उनके परिजनों के चेहरे पर भी साफ दिखाई दी। बड़े डोंगर के आवास प्लाट में रहने वाले भकचंद की पत्नी सतमी 16 वर्ष पूर्व बीमार पड़ने के कारण देख नहीं पाती। भकचंद ने मतदान दल के घर पहुंचने पर खुशी जताते हुए बताया कि मतदान केन्द्र लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर है। पत्नी सतमी नहीं देख पाने के कारण अपने दिनचर्या के काम में परिवार के सदस्यों का सहारा लेती है। पूर्व में जब घर में ही मतदान करने की सुविधा नहीं थी, तब वे सतमी को पड़ोसियों के मोटर सायकल से मतदान केन्द्र पहुंचाते थे, क्योंकि घर में मोटर सायकल भी नहीं है और पड़ोसी के मोटर सायकल में पेट्रोल भी डलवाना पड़ता था। वहीं अब निर्वाचन आयोग द्वारा बहुत ही अच्छी सुविधा प्रदान की गई है, जिससे अब मतदान के दिन मोटर सायकल की व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। ग्राम पतोड़ी की 86 सुखियारिन यादव अब बुढ़ापे के कारण देख भी नहीं पाती है। मतदान दल के घर पहुंचने पर दोपहर को भोजन के बाद आराम कर रही सुखियारिन अपने बेटे की मदद से मतदान दल के सामने पहुंची और उत्साहित होकर अपना मतदान किया। सुखियारिन ने इस दौरान कहा कि मतदान करना हम सभी का कर्तव्य है और मुझे खुशी है कि अपना मतदान कर सकी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई होम वोटिंग की इस सुविधा के कारण ही यह संभव हुआ। सुखियारिन ने बताया कि उसने पहली होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेते हुए घर में ही मतदान किया।

# रामनवमी मनाने सज रहा शहर मुख्य मार्ग पर विराजे भगवान राम





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के जगदलुपर अयोध्या में विराजित श्रीराम की प्रतिमा की तर्ज पर मूर्ति की स्थापना की गई है। राम नवमीं को लेकर यहां खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर से लेकर गांव तक जगह-जगह भगवान राम और हनुमान की पूजा-पाठ होने लगी है। नवरात्रि और राम नवमीं को लेकर पूरा प्रदेश भक्ति में डूबा हुआ है। 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से बस्तर में भी रामभक्त उत्साहित हैं। शहर से लेकर गांव तक जगह-जगह भगवान राम और हनुमान की पूजा-पाठ होने लगी है। 17 अप्रैल को रामनवमी और 23 अप्रैल को हनुमान जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए नवरात्रि के पहले दिन से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल समेत सनातनी लोग इस साल भी रामनवमीं को शहर में भव्य तरीके से मनाने में जुटे हैं।

■ गांव-गांव निमंत्रण देने पहुंच रही रामभक्तों की टोलियां

### सज गया शहर

रामभक्तों की टोलियां गांव-गांव में पहुंचकर शहर में होने वाली शोभायात्रा में शामिल होने निमंत्रण दे रहे हैं। शहर के मुख्य मार्ग को भगवा झंडियों और पताकों से सजाया गया है। स्टेट बैंक चौक में भगवान राम की अयोध्या में विराजे प्रतिमा को स्थापित गया है, जहां रोजाना आरती हो रही है। वहीं मेन रोड से लेकर दंतेश्वरी मंदिर तक शहर सज गया है। सिरहासार के सामने स्टेज बनाया गया है, जहां रामनवमी पर जुटने वाले भक्त शोभायात्रा के साथ पहुंचेंगे। कुल मिलाकर पूरे शहर का वातावरण राममय हो गया है।

# बफना में प्रशासन ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागाव जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बफना से बाल विवाह की गुप्त सूचना मिलने पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार प्रशासन के वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड लाइन के संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में बाल विवाह को रोका गया। ज्ञात हो कि मंगलवार को ग्राम पंचायत बफना में नाबालिग बालिका कलावती (परिवर्तित नाम) पिता उमेश (परिवर्तित नाम) उम्र 16 वर्ष 6 माह निवासी बफना का विवाह बालक उमेश कुमार (परिवर्तित नाम) पिता दीनबंधु (परिवर्तित नाम) उम्र 21 वर्ष निवासी मसगांव नवरंगपुर ओडिशा के साथ किया जा रहा था। जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर दल ग्राम पहुंचा। जानकारी अनुसार के बालिका विवाह नहीं करना चाहती थी, परिवार द्वारा सामाजिक रीति रिवाज से विवाह करना चाह रहे थे। तय कार्यकम अनुसार विवाह कार्ड वितरण किया गया था। जिसके अनुसार 24 अप्रैल को पाणीग्रहण किया जाना था। जिस पर ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के द्वारा घर में जाकर परिजनों को समझाइश दी। परन्तु परिवार वाले इसे मानने को राजी नहीं थे।

■ महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त कार्रवाई



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

बाल विवाह को रोकने के लिए गठित संयुक्त दल में जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी, परियोजना अधिकारी रजनी दुबे, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता बरातीन नाग एवं आउटरीच वर्कर माधुरी उसेण्डी, चाईल्ड लाईन हेमन्त भारती, रूपा यादव शामिल रहे। विवाह रोकने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिसकी सूचना मिलने पर जिला स्तरीय गठित संयुक्त दल द्वारा बालिका के घर पहुंचकर बालिका के आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। जिसमें बालिका की आयु विवाह के लिए निर्धारित आयु से कम पायी गई। बालिका के गृह स्थल में परिवार के सदस्यों को विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दण्ड के प्रावधान, बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए विवाह न करने की समझाइश दिया गया। जिस पर परिवार के सदस्यों द्वारा बालिका की निर्धारित आयु पूरी होने पर विवाह किये जाने के लिए स्वीकृति दी गयी। दल द्वारा परिजनों को समझाइश के उपरांत पंचनामा तैयार किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई नवरंगपुर ओडिशा द्वारा भी मसगांव में जाकर वर पक्ष को समझाइश देकर बाल विवाह न करने के लिए घरवालों को राजी किया।

# दिव्यांग एवं तृतीय लिंग समुदाय ने की मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों एवं तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयं मतदान का संकल्प लेते हुए लोगों को आगामी मतदान बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल एवं कांकेर



संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए अपील की। इस अवसर पर मसोरा के दिव्यांग अनिल नेताम ने कहा कि वे मतदान के लिए बहुत उत्साहित है। यह देश के लोकतंत्र के प्रति उनका कर्तव्य है जिसका वह अवश्य निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी दिव्यांगों एवं आम नागरिकों से मतदान अवश्य करने के लिए अपील की। इस अवसर पर तृतीय लिंग समुदाय की अध्यक्ष संतोषी द्वारा लोगों से अपने सभी काम छोड़कर पहले अपने देश एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए मतदान अवश्य करने अपील की उन्होंने अपने समुदाय के लोगों से भी मतदान अवश्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग उप संचालक ललिता लकड़ा, तृतीय लिंग समुदाय की जिला अध्यक्ष संतोषी, समाज कल्याण विभाग से गोपाल शर्मा, गीता पाण्डे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नुक्कड़- नाटक, रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक




कोण्डागांव। जिले में मतदाताओं को आगामी संसदीय निर्वाचन 2024 के लिए लगातार मतदान के लिए जागरूक करने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। सोमवार को फरसगांव के साप्ताहिक बाजार में लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए युवोदय कोंडानार चौंप्स स्वयंसेवकों द्वारा जिले में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत युवोदय कोंडानार चौंप्स स्वयंसेवकों द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर दीवारों लेखन द्वारा मतदान प्रोत्साहन के लिए नारे एवं स्लोगन साथ नुक्कड़ नाटक, रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से मतदाताओं जागरूक करने के लिए उनके मतों का महत्व उन्हें बताते हुए मतदान करने को अपील की गई।

## मतदान केन्द्र की गतिविधियों पर रखें पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

लोक सभा आम चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र की गतिविधि पर नजर रखने का कार्य माइक्रो आब्जर्वर द्वारा की जाएगी। सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में प्रेक्षक जे गणेशन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत भी उपस्थित थे।

बैठक में श्री गणेशन ने कहा कि मतदान के दौरान चुनाव के हर कार्यकलापों पर पैनी नजर रखने की जिम्मेवारी माइक्रो ऑब्जर्वर को होगी। मतदान तिथि के एक दिन पूर्व माइक्रो ऑबजर्वर को सामग्री वितरण केन्द्र पहुँचना है, जहाँ से उन्हें मतदान टीम के साथ मतदान केन्द्र जाना होगा तथा मतदान की समाप्ति के बाद उन्हें मतदान टीम के साथ मतदान सामग्री प्राप्ति केन्द्र लौटना है। सामान्य प्रेक्षक प्रत्येक कार्य की निगरानी करेंगे और प्रेक्षक को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान केन्द्र



पहुँच कर मतदान केन्द्र की तैयारी मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मॉक पोल का निरीक्षण, मतदान अभिकर्त्ता की उपस्थिति, अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर आदि का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो ऑब्जर्वर अपना प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में कलेक्शन सेंटर में सौंपना है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी सुश्री निकिता मरकाम भी उपस्थित थीं।

## सामान्य प्रेक्षक गणेशन, जिला निर्वाचन अधिकारी रहे मौजूद

# अतिसंवेदनशलील क्षेत्र के मतदान दल हेलिकॉप्टर से गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर के अति संवेदनशील क्षेत्र एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों के 33 मतदान केन्द्रों के लिए 16 अप्रैल को मतदान दलों के अधिकारी कर्मचारियों को बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे गणेशन और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी की उपस्थिति में हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। मतदान केन्द्र क्रमांक 26 ओरछा 01, केन्द्र कमांक 27 ओरछा 02, केन्द्र कमांक 25 आदेर, केन्द्र कमांक 24 गोमागाल, केन्द्र कमांक 29 कोडोली, केन्द्र कमांक 10 गुमरका, केन्द्र कमांक 09 गट्टाकाल, केन्द्र कमांक 28 गुदाड़ी, केन्द्र कमांक 01 पांगुड़ केन्द्र कमांक 02 कोंगे, केन्द्र कमांक 04 गोमे, केन्द्र कमांक 22 नेड़नार 01, केन्द्र कमांक 23 नेड़नार 02, केन्द्र कमांक 32 नेलसनार, केन्द्र कमांक 11 कोडलियर, केन्द्र कमांक 15 किहकाड़, केन्द्र कमांक 14 कोहकामेटा, केन्द्र कमांक 13 कुतुल, केन्द्र कमांक 12 कच्चापाल, केन्द्र कमांक 21 झारावाही, केन्द्र कमांक 31 धनोरा, केन्द्र कमांक 30 टेकानार, केन्द्र कमांक 16 सोनपुर 01, केन्द्र कमांक 17 सोनपुर 02, केन्द्र कमांक 06 मसपुर, केन्द्र कमांक 07 ताहकातोड़, केन्द्र कमांक 03 गारपा, केन्द्र कमांक 05 बालेबेड़ा उर्फ पालेमेटा, केन्द्र कमांक 08 बाड़ापेंदा, केन्द्र कमांक 124 सुलेंगा, केन्द्र कमांक 125 कोकपाड़, केन्द्र कमांक 126 कन्हारगांव 1 और मतदान केन्द्र कमांक 127 कन्हारगांव 2 के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।






### इनकी भी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, उप पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुरिआ, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, तहसीलदार ओरछा सौरभ कश्यप सहित अन्य निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### 76 अति संवेदनशील...

कर्मियों के बस का विधिवत पूजा-अर्चना कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए ईश्वर से कामना करते हुए मतदान दलों को हेलीपेड रवाना किया। जिसके बाद मतदान दलों को चिन्हांकित मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर से पहुंचाया गया। जिले में कुल 245 मतदान केन्द्रों के लिए 1352 मतदान कर्मी, 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माईक्रो आब्र्जवर, जिसमें रिजर्व नियुक्त किया गया है। इसी तरह पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती जिले में की गई है, ताकि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो सके।

### अतिसंवेदनशील कोंटा, ...

ये सभी 135 मतदान केंद्र पहुंचविहीन क्षेत्र में हैं जहां पहुंचना नक्सल क्षेत्र के अलावा सड़क, नदी, नाले, पहाड़ आदि को देखते हुए कठिन है। सभी मतदान दलों को सुरक्षा की दृष्टि से थाना अथवा कैंप में रहना होगा। 19 अप्रैल को सुबह सभी मतदान कर्मी मतदान केंद्रों में पहुंच जाएंगे। ऐसी व्यवस्था जिले के निर्वाचन अधिकारी के द्वारा की गई है।

### एक लाख के इनामी...

ईनामी वण्डो हिड़मा सिंघनमड़गू आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष के अलावा सोड़ी हुंगा तुमालपाड़ आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य व सोड़ी देवा अरलमपल्ली पंचायत आरपीसी. उपाध्यक्ष ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। समर्पित नक्सलियों को सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छग नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

### पूवर्ती कैम्प से फिर...

भयंकर तबाही मच रही है। बमबारी से जान-माल ही नहीं पर्यावरण प्रदूषण भी हो रहा है। बमबारी से गांवों में अत्यंत भय व डर का माहौल बना हुआ है। लोग सुबह से जंगलों तथा अपनी-अपनी खेतों में महुआ बिनने जा रहे हैं। इस दौरान बमबारी को देखकर खाली हाथ आ रहे है और भाग कर अपनी जान बचा रहे हैं।

### अंबेडकर जयंती पर ....

कि आदिवासियों को नक्सली बताकर उन्हें बंदी बनाया जा रहा है भाजपा सरकार जल जंगल जमीन पर आदिवासियों के अधिकारों का हनन करते हुए जंगलों को काटकर खदानों को उद्योगपतियों को दे देना चाहती है। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य, महिला जिला अध्यक्ष लता निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ल, जावेद खान एवं अन्य शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### मतदान दलों का हुआ तृतीय रेंडमाइजेशन

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मतदान दल का तृतीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

**गीदम।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतीक्षा बस स्टैंड गीदम में बने स्वीप पार्क में मतदाता जागरूकता हेतु प्रतिदिन कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की इस कड़ी में सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम व कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, नगर पंचायत सीएमओ बीपी ध्रुव, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्रोत समन्वयक जितेंद्र चौहान, नोडल प्राचार्य कैलाश नीलम, राकेश मिश्रा, सभी संकुल समन्वयक, नगर पंचायत गीदम के समस्त कर्मचारी, आस्था विद्या मंदिर के शिक्षक, गीदम, हाउरनार व आस-पास संकुल के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता निभाई।

### मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरीः कलेक्टर



**बीजापुर।** लोकसभा आम निर्वाचन अन्तर्गत बस्तर संसदीय क्षेत्र 10 में प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। क्षेत्र में शामिल बीजापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में निर्वाचन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जिले के मतदाताओं को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता देकर मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करने की अपील की है। वहीं सभी मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध है, ताकि किसी मतदाता को परेशानी न हो, वहीं सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बिना डर, भय के स्वतंत्र और निष्पक्ष मताधिकार का प्रयोग कर जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने में अपनी महती जिम्मेदारी निभाने की बात कही।

**निधन**

### मंजूषा सिंह राजपूत



**जगदलपुर।** शहर के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पुरानी भट्टी रोड निवासी मंजूषा सिंह राजपूत का सोमवार की दोपहर निधन हो गया। वे बीते लंबे समय से बीमार थीं, उनका इलाज रायपुर के एक अस्पताल में चल रहा था। वे अंबरीश सिंह राजपूत की पत्नी थीं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र आयुष व आर्यन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### विद्या देवी बैस



**जगदलपुर।** धरमपुरा वर्गीस कॉलोनी निवासी श्रीमती विद्या देवी बैस धर्मपत्नी स्व. महेंद्र सिंह बैस का मंगलवार को निधन हो गया। वे राहुल सिंह बैंस, रोहित सिंह बैंस की माता थी। वे भरापूरा परिवार छोड़ गई। आज दोपहर 2 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें समाज के लोगों समेत शहरवासी शामिल हुए।

# भाजपा का संकल्प पत्र सबका साथ सबका विकास व भरोसे की गारंटी : चैतराम

## हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करती है। हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज और भरोसे की गारंटी है। पिछले दस वर्षों में हमने यह साबित किया है कि भाजपा अपने घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है, जैसा हमने मोदी की गारंटी में करके दिखाया है।

खासकर पिछले दस वर्षों में मोदी ने जो किया है, वह विश्वास बहाली का नया अध्याय है। उक्त बातें दंतेवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आज प्रेसवार्ता में कही। अटामी ने कहा कि घोषणा पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली का, भारत के भविष्य का एक सुनहरा रोडमैप है। भाजपा के पिछले संकल्प पत्रों की चर्चा करते हुए अटामी ने कहा कि 2014 और 2019 का हमारा संकल्प पत्र हमारा ऐसा विजन डॉक्युमेंट था, जिस पर लोगों को सहज विश्वास नहीं होता था। लेकिन पिछले दस वर्ष ने यह साबित किया है कि भाजपा अपने द्वारा घोषित घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए। 70 से ऊपर के बुजुर्ग चाहे वे किसी भी आय वर्ग से हो, उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। चार करोड़ पक्के घर बने हैं। तीन करोड़ और नए घर बनेंगे। सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाये है, अब पाइपलाइन से गैस घर-घर पहुंचाने की योजना है।

करोड़ों परिवारों का बिजली बिल जीरो करने और उन्हें बिजली से कमाई करने की योजना पर काम होगा। पीएम सूर्य योजना के तहत अब लोग बिजली बिल नहीं देंगे, बल्कि बिजली पैदा करने से कमाई भी होगी, ऐसी तकनीक पर काम होगा। मुद्रा योजना से लाखों लोगों को जॉब दिलाने वाले बने हैं। अब नया संकल्प है कि मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करेंगे। युवाओं को अपनी रुचि का काम करने के लिए अधिक पैसे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम रेहड़ी-ठेले वालों को डिग्निटी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पहले ही हमने स्व निधि योजना से इसे जोड़ा है, इसे अब कस्बों-गांवों तक ले कर जायेंगे। सभी को बिना गारंटी के सहायता मिलेगी, इसे पचास हजार से आगे भी बढ़ाया जाएगा।

दिव्यांगों के लिए विशेष ध्यान देकर काम किया जाएगा। अटामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव माताओं-बहनों के उत्थान के लिए संकल्पित रही है। हमने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू कर माताओं के सम्बल को बढ़ाया है। इसी तरह केंद्र की भाजपा सरकार ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत योजनाएं लागू की हैं और उन्हें धरातल पर उतारा है। आज दस करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। उन्हें हम अब आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन आदि के लिए ट्रेनिंग देंगे। आज साइकिल भी चलाने नहीं जानने वाली महिलाएं ड्रोन पायलट बन रही हैं। यह मोदी की गारंटी है। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि किसानों के लिए सबसे अधिक काम मोदी के शासन में हुआ है। मोदी की गारंटी पर हमने मात्र सौ दिनों में धान, बोनस समेत सभी वादों को पूरा किया।

### *भारत ग्लोबल न्यूट्रीशन हब बनेगा*

*अटामी ने कहा कि भारत ग्लोबल न्यूट्रीशन हब बनेगा। हमारे कोदो-कुटकी जैसे अनाज अब सुपर फूड बन कर विश्व में छाएंगे। दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के लिए कार्य करेंगे, नैनों यूरिया का अधिक से अधिक इस्तेमाल, किसान समृद्धि केंद्रों का विस्तार समेत ऐसे तमाम कार्यों का विस्तार होगा। जिससे समाज का हर वर्ग संपन्न और हर क्षेत्र लाभान्वित होगा। अब बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाएंगे। आदिवासी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा यह कहते हुए विधायक अटामी ने कहा कि अब देश के आदिवासी वनांचल पर्यटन से जुड़ेंगे। हम अपनी विरासत को दुनिया से जोड़ेंगे। ईको टूरिज्म, होम स्टे के अवसर से आदिवासी क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे महिलाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में सहायता मिलेगी और वनांचलों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। शहरीकरण को पहले चुनौती माना जाता था, हम अवसर मानते हैं। सेटेलाइट सिटी, विमानों का बेड़ा बढ़ाने से लेकर हम हर नगरीय सेवा का विस्तार करेंगे। ट्रक ड्राइवरों तक की चिंता करेंगे। समाज का कोई भी वर्ग अछूता नहीं रहेगा। अटामी ने कहा कि मोदी ने कहा है पिछले दस वर्ष के काम और अगले 25 वर्ष का विजन है हमारे पास। इस विजन को पूरा करने की इच्छा शक्ति है हमारे पास। इसके लिए संगठन है हमारे पास। नेतृत्व, नीत और नियत है हमारे पास। जबकि हमारे विरोधियों के पास इस सबका अभाव है, कुछ भी नहीं है। चैतराम अटामी ने कहा कि 2004 में भारत विश्व में आर्थिक रूप से 11वें स्थान पर था और कांग्रेस के दस वर्ष के शासन में भी वहीं का वहीं टिका रहा। जबकि मोदी के दस वर्ष के सेवाकाल में हम 11 से 5वें स्थान पर आ गए हैं, दस वर्ष में मोदी पांचवें स्थान पर आ गए हैं। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए हैं, हम तीन करोड़ और गरीबों को पक्के मकान देंगे। सड़कें घर-घर तक बनेंगी। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का विजन डॉक्यूमेंट बताया। प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, जिला महामंत्री द्वय संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, कुलदीप ठाकुर, रुपन मंडल, निखिल नाग, कमल ठाकुर, शिव आदि मौजूद रहे।*

## मतदान दलों व माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेंडमाईजेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्र और संगवारी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन प्रेक्षक जे. गणेशन की उपस्थिति में आज किया गया। प्रेक्षक गणेशन नारायणपुर जिले के एनआईसी कक्ष से जुड़े हुए थे। विधानसभा क्षेत्र कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा (सुकमा) के जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ऑनलाइन रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया किया गया।

जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के नेतृत्व में तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा क्षेत्र में 10 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 5 युवा मतदान केंद्र, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में 101 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 5 युवा मतदान केंद्र और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 14 संगवारी मतदान केंद्र, एक दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्र और 5 युवा मतदान केंद्र सहित सभी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों, रिजर्व मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इसके अलावा माइक्रो ऑब्जर्वरों का भी रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामनवमी पर होंगे विविध कार्यक्रम आज

**जगदलपुर।** बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 अप्रैल को राम मंदिर समुंद चौक जगदलपुर में रामनवमीं पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना के पश्चात महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न कार्यक्रम, शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजमाता कृष्णा कुमारी देवी एवं विशिष्ट अतिथि समाज के मुख्य संरक्षक कमलचंद्र भंजदेव महाराजा बस्तर एवं संरक्षक कुमार जयदेव होंगे। बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के संभागीय अध्यक्ष सिकंदर सिंह ठाकुर ने समाज के समस्त नागरिकों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने आग्रह किया है।

## महाष्टमी में माता हिंगलाजिन के दरबार पहुंचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

चैत्र नवरात्रि के महाष्टमी में माता हिंगलाजिन के धाम पंचायत गिरोला में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। अपने गृह ग्राम में मंदिर के मुख्य पुजारी एवं क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल ने मां हिंगलाजिन की पूजा-अर्चना कर देश समेत क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। वे हवन में भी शामिल हुए और आहुतियां डाल सभी के लिए मंगल कामनाएं की। महाष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर में मेला लगा हुआ है। पड़ोसी राज्य आंध्र, ओडिशा समेत बस्तर और प्रदेश के दूर-दराज से लोग यहां साल भर माता के दर्शनार्थ पहुंचते हैं। पूजा-अर्चना पश्चात मंदिर में सेल्फी लेने की होड़ लग जाती है। मां हिंगलाजिन सेवा समिति एवं ग्रामीणों ने मिलकर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### किरंदुल, पोन्दूम, तोयलंका, मोखपाल में मतदाताओं को बताया मतदान का महत्व



**दंतेवाड़ा।** जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान जागरूकता क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत किरंदुल के बस स्टैंड, फुटबाल ग्राउंड, पोन्दूम, तोयलंका, मोखपाल में स्थानीय लोगों को वोटिंग का महत्व और चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें मतदाता के अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया ताकि वे अपना मतदान सही तरीके से कर सकें। लोकतंत्र के महापर्व विषय पर रंगोली, पोस्टर बनाकर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति संदेश दिया गया। इसी तरह आगामी 19 अप्रैल को मतदान दिवस के परिप्रेक्ष्य में अन्य कई स्थानों पर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और पोस्टर, रंगोली बनाकर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिखाई जा रही है। ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सघन अभियान चलाये जा रहे हैं।

## लोक कलाकारों के साथ नुक्कड़ सभा में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




दरभा भाजपा मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लोक कलाकारों के साथ गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं करने में जुटी हुई है। इस सिलसिले में कोंडागांव से पहुंचे लोक कलाकार गांव -गांव जाकर माहौल तैयार कर रहे है। भाजपा के प्रचार गीत में नाच गान कर लोगों को आकर्षित कर रहे है। फिर रंग जमने के पश्चात भाजपा नेताओं का भाषण प्रारम्भ हो रहा है।

तमाम ताम-झाम के साथ पिछले दो दिनों से भाजपा का प्रचार अभियान जारी है। भाजपा काफिला ने अभी तक दरभा मंडल के 20 से 25 बूथों पर पूरी ताकत से अपनी बात रखने में सफलता हासिल की है। जिसमें मावलीपदर, लेंड्रा, कोयनार, छिंदबहार जैसे बूथ शामिल है, जहां भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है। जिससे भाजपा कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज है। पुरे चुनाव प्रचार के दौरान जहां भाजपा की उपलब्धियों की जमकर तारीफ की जा रही है। वहीं कांग्रेस को आड़े हांथों लिया जा रहा है। चुनाव अभियान में मोदी की गारंटी ही प्रमुख हथियार है, हर सभा में मोदी गारंटी को ही जमकर प्रचारित किया जा रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार का नारा इस बार जमके चल रहा है, सारे भाजपाइयों को लगता है कि मोदी लहर इस बार चुनाव जीतने के लिए पर्याप्त है। पुरे अभियान में जहां कांग्रेस का प्रचार ठंडा दिख रहा है, कई स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा ज्वाइनिंग किया है। जिसके चलते स्थानीय अभियान में कांग्रेस, प्रचारकों की कमी से जूझ रही है। वहीं भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के दम से गली-गली घर-घर पहुंच रही है। इस अभियान में दरभा भाजपा मंडल प्रभारी योगेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष फूलसिंग सेठिया, महामंत्री पीडी हरीश, जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, जिला सदस्य सीता नाग, दलपत राय, मुन्नू सिंह, दिनेश पांडे, गागरा राम नाग, माया राम नाग, मंगल राम, तुला राम समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्वीप कार्यक्रम, बाईक रैली निकाल किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बीजापुर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में एवं स्वीप नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर हेमन्त रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत भोपालपटनम नगर में गत दिवस बाईक रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल भोपालपटनम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विकासखण्ड के कर्मचारी-अधिकारियों ने मतदान करने की शपथ ली। इसके पश्चात सभी ने बाईक रैली निकाली, जो नगर के चौक-चौराहों से होकर गाटाईगुड़ा चौक से वापस स्वामी आत्मानंद स्कूल में आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान कर्मचारी एवं अधिकारियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में आम जनता को नारों के माध्यम से मतदान करने प्रेरित किया। रैली में अनुविभागीय अधिकारी व्हीके. नाग, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रवीण लाल कुडेम, एपीसी श्रीनिवास एट्ला, बीआरसी यालम शंकर, मुख्य नगर पालिक अधिकारी भोपालपटनम, स्वामी आत्मानंद स्कूल के दोनों प्राचार्य, समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक, बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### मतदान करने दिलाई शपथ...




जगदलपुर। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण सत्र के समापन पर चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों को प्रोत्साहित कर स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने शपथ दिलवाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहन चालकों व परिचालकों को जारी किया ईडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




लोकसभा निर्वाचन के तहत निर्वाचन दायित्व में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य व्यक्तियों को ईडीसी (निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र) के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदाय की जा रही है। निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदान दिवस में सभी नागरिकों को उनके मताधिकार का उपयोग करने का अवसर दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के पर्व में जुड़कर देश के विकास और निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभा सकें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस दिशा में निर्वाचन कार्य हेतु संलग्न 3646 अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान करने के लिए निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने विद्या ज्योति स्कूल में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी की और कार्य का निरीक्षण भी किया।

कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित ना हो इसी के तहत निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों, अधिग्रहित बसों तथा अन्य वाहनों के चालक-परिचालकों को भी ईडीसी जारी किया गया है। जिले में चुनाव ड्यूटी में लगे ऐसे लगभग 150 चालक-परिचालकों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इस हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के सहयोग से पूर्व में ही संबंधित चालकों एवं परिचालकों से फार्म 12 क भरवा लिया गया है। इसके अलावा निर्वाचन कार्य के साथ ही सुरक्षा बलों के जवानों को उनके आवेदन के आधार पर डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए सुविधा दी जा रही है। इस हेतु मतदान दल प्रशिक्षण स्थल विद्या ज्योति स्कूल में डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र 17 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय में भी संचालित की जाएगी।

डाक मतपत्र और ईडीसी में मुख्यतः अंतर यह होता है कि डाक मतपत्र का इस्तेमाल तब किया जाता है, जब व्यक्ति निर्वाचन कर्तव्य में अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर तैनात होता है। जबकि ईडीसी निर्वाचन क्षेत्र के अंदर तैनात होने की स्थिति में दिया जाता है। चूंकि बस्तर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत ही आती है। अतएव इस चुनाव में निर्वाचन में संलग्न व्यक्तियों को ईडीसी जारी किया जा रहा है। इस प्रमाण पत्र को दिखाने पर संबंधित व्यक्ति अपने मतदान केन्द्र के अतिरिक्त किसी भी अन्य मतदान केन्द्र में ईव्हीएम से ही मतदान कर सकता है। इसके लिए कोई अन्य व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होती है और मतदाता व मतदान दल दोनों को सहूलियत होती है। हालांकि सुरक्षा बल के ऐसे जवान जो मतदान दिवस पर किसी मतदान केन्द्र में सुरक्षा ड्यूटी की वजह से नहीं पहुंच पायेंगे, उन्हें पूर्व की तरह ही डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान कर सुविधा केन्द्र के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है, ताकि कोई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो सकें।

**खबर संक्षेप**

## नक्सलियों के नापाक मंसूबे पर फिरा पानी



**बीजापुर।** नक्सलियों के विरूद्ध लगातार हो रही कार्रवाई से बौखलाए, प्रतिबंधात्मक नक्सल संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में बंद का आह्वान किया गया था। बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिले में जनजीवन को सामान्य रखने एवं नक्सलियों के नापाक मंसूबे को असफल करने के लिए जिले के व्यापारी संगठन, निजी शैक्षणिक संस्थान के संस्था प्रमुख, समाज प्रमुखों एवं ट्रांसपोर्टर्स की बैठक लेकर बंद को असफल करने का आग्रह किया था। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की अपील पर अन्य दिनों की तरह सोमवार को बीजापुर में जनजीवन सामान्य रहा। बंद का असर देखने को नही मिला। जिसके लिए कलेक्टर पाण्डेय ने जिले के समस्त व्यापारी, ट्रांसपोर्टर्स, समाज प्रमुखों एवं सभी संगठनों सहित सहयोगी मीडिया साथियों का आभार व्यक्त किया एवं कलेक्टर ने फील्ड में जाकर व्यापारियों की हौसला आफजाई भी की। कलेक्टर ने कहा कि अब बीजापुर का जन-जीवन समान्य होने की ओर अग्रसर हो रहा है, यहां की जनता दुषित विचार धारा को सिरे से नकारने लगी है। कलेक्टर ने ऐसे प्रतिबंधात्मक संगठनों और असमाजिक तत्वों को संदेश देते हुए कहा कि जिले में भय एवं भ्रम का माहौल पैदा करके जनमानस को गुमराह करने की कोशिश करने वाले चाहे किसी भी स्तर के लोग हो, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। लोकतंत्र के भक्षकों को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिले के भोली-भाली आदिवासी जनता और बेकसूर ग्रामीणों की नृशंस हत्या करने वाले नक्सली तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मतदान दल विश्वास के साथ मतदान कार्य को करें संपादित : कलेक्टर

### मतदान कर्मियों के तृतीय चरण प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन कर्मियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करवाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दलों के कर्मियों को तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतदान दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों के विश्वास और कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करवाने की भावना ही प्रोत्साहित करेगा। कलेक्टर ने संगवारी मतदान केंद्रों के महिला मतदान कर्मियों पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वे मतदान करवाने के मिले दायित्व का, बेहतर तरीके से संपादित करवाएंगे। उन्होंने कहा कि टीम



में विश्वास बनाए रखना है, घबराए नहीं, मतदान कार्य में सहयोग के लिए प्रशासन के सभी अधिकारी आप लोगों के केंद्रों के आस-पास रहेंगे।

कलेक्टर ने मतदान दलों को सभी प्रपत्र को भरकर लाने के निर्देश दिए। साथ ही सुबह के पहर में और दोपहर तीन बजे के बाद भीड़ को जल्द मतदान की प्रक्रिया करवाने की मेहनत करने पर जोर दिया। इसके अलावा मतदान केंद्र के बाहर बीएलओ सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे, उनसे मतदान कर्मी समन्वय बनाकर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शंकाओं का निराकरण प्रशिक्षण में करने कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान विद्या ज्योति स्कूल में डाकमत पत्र सुविधा केंद्र और निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के लिए बनाए सुविधा केंद्र का भी जायजा लिया।

### जगह-जगह हुआ भंडारा, भक्तों ने खाया प्रसाद

# अष्टमी पर देवी मंदिरों में हवन-पूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चैत्र नवरात्रि के महाअष्टमी पर दंतेश्वरी मंदिर में रखे गए मनोकामना जोत कलश रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार को हवन-अनुष्ठान किया गया। इस दौरान हवन के दौरान हजारों लोगों की भीड़ जुटी रही, जो पूणाहुति दिया। महाष्टमी पर शहर के विभिन्ना स्थानों पर जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

महाष्टमी पर माई दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही दर्शनार्थियों की कतार लगी रहीं। व्यवस्था संभालने पुलिस बल भी तैनात किया गया था। सुबह 11 बजे यज्ञशाला में



हवन-अनुष्ठान शुरू किया गया। इसमें मनोकामना जोत रखने वाले श्रद्धालु परिवार समेत पहुंचे रहे। पुजारियों द्वारा विधिवत हवन संपन्न किया गया, इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने आहुतियां दीं। इसके बाद भक्तों के लिए प्रसाद बांटा गया। इसके अलावा व्रतियों के लिए भी अलग से प्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जिसमें हवन के बाद व्रत रखने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए।

### आंजनेय पीठ में महामंत्र पूर्णाहूति आज

आंजनेय पीठ खड़कघाट में श्रीराम जयराम जय जय राम अखंड महामंत्र जाप परिक्रमा जारी है। नवरात्रि के प्रथम से शुरू अनुष्ठान आज रामनवमी दोपहर को समाप्त होगा। इस अवसर पर विधिविधान पूर्वक यज्ञ अनुष्ठान किया जाएगा। यज्ञ के उपरांत महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### दंतेश्वरी मंदिर के सामने भंडारा

नगर में दुर्गा महाष्टमी पर जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। मेन रोड, दंतेश्वरी मंदिर के सामने, संजय बाजार, खड़गघाट, अनुपमा चौक स्थित हनुमान मंदिर, समेत अन्य स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

## लोकतंत्र के पर्व में मतदाता अपने मताधिकार का करें उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मतदान करना सभी मतदाता का अधिकार है, लोकतंत्र के पर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने घरों से निकले, नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर वोट दें। उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में चेंबर्स ऑफ

- **कलेक्टर ने चेंबर्स ऑफ कॉमर्स, एनजीओ संचालक, व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों से मतदान करने और करवाने की चर्चा**

कॉमर्स, एनजीओ संचालकों, व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों से मतदान करने और करवाने हेतु चर्चा के दौरान कही। कलेक्टर ने कहा कि जगदलपुर शहर में अधिक से अधिक मतदाता लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेकर एक उदाहरण प्रस्तुत करें, ताकि बस्तर की अन्य गतिविधियों के लिए बनी नकारात्मक छवि को दूर करने में एक प्रयास हो।

उन्होंने कहा कि शहर के मतदान केंद्रों को संगवारी मतदान केंद्रों के तहत महिला कर्मियों द्वारा संचालित की जाएगी, मतदान कर उनका हौसला-अफजाई भी करें। मतदान दिवस में व्यवसाय करने के साथ-साथ वोट करने के अपने दायित्व को पूरा करें। साथ ही आपके संस्था या दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा परिवार के सदस्यों, अपने मित्रों को भी अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा वृद्धजनों, दिव्यांग जनों के लिए मतदान स्थल तक पहुंचाने और वापस घर छोड़ने के लिए दिव्यांग रथ की सुविधा दी जा रही है। व्यापारियों ने प्रशासन द्वारा संगवारी मतदान केंद्र का संचालन की सराहना किए। साथ उनके द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने में सभी संस्थानों का सहयोग की बात कही। प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए परिवार सहित सेल्फी लेने की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे परिवार के साथ सेल्फी लेकर, प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले नंबर में भेज सकते है।

# माड़पाल में निकाली मतदाता जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जगदलपुर विकासखण्ड के माड़पाल में महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रथ के जरिये भी ग्राम पंचायत माड़पाल के विभिन्न वार्डों में उद्घोषणा कर मतदाताओं को मतदान में व्यापक सहभागिता निभाने का आव्हान किया गया। वहीं धरमपुरा में संचालित ज्ञानगुड़ी तथा लाला जगदलपुरी लायब्रेरी के युवाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक सन्देश दिया। इस मौके पर उपस्थित सभी महिला समूहों की दीदियों और युवाओं द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किये बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई। इस दौरान ग्राम पंचायत माड़पाल में महिला समूहों की दीदियां एवं पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा मितानिन, उआंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं और ज्ञानगुड़ी एवं लाला जगदलपुरी लायब्रेरी के युवा मौजूद थे।

## गरीब महिला को एक लाख देने के फार्म पर भाजपा को आपत्ति, कांग्रेस ने माना फार्म फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सपन देवांगन ने जारी बयान में बताया कि कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना के तहत सार्वजनिक रूप से गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे कहकर फार्म भरवाया है जिसकी पूर्व में भी शिकायत दर्ज करायी गयी है। इस संबंध में जगदलपुर विधानसभा के कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ने लिखित में घोषणा की है कि यह फार्म फर्जी है तथा कांग्रेस के द्वारा कोई भी फार्म नहीं भराया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करते पकड़ा जाता है तो उस पर प्रशासन के कार्यवाही किये जाने पर कांग्रेस को कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि इस फार्म में मुद्रक, प्रकाशक तथा संख्या का उल्लेख नहीं है। इस कारण प्रथम दृष्टया यह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के श्रेणी में आता है। यह आपराधिक कृत्य है तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संपूर्ण प्रशासन के साथ छल है। जहां कहीं भी लोकसभा क्षेत्र में फार्म का वितरण किया जा रहा है अथवा करवाया जा रहा है उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है।









